सेवा और संवेदना का संगम बना रोटरी राहत शिविर

## आयुष्मान और प्राकृतिक जीवनशैली से बनेगा स्वस्थ मध्यप्रदेश: शुक्ला

### आदिवासी अंचल के लिए मील का पत्थर साबित होगा यह आयोजन, डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने किया शुभारंभ

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के शासकीय आईटीआई परिसर में आज से सेवा का एक नया अध्याय शुरू हुआ। रोटरी क्लब शहडोल, मंडला और जबलपुर के साथ राजकृष्ण तन्खा फाउंडेशन और चिरायु मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का भव्य शुभारंभ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने किया। मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुए इस आयोजन ने पहले ही दिन हजारों चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी।









### खेतों में प्राकृतिक खेती और थाली में शुद्ध आहार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने स्वास्थ्य को लेकर एक नई दृष्टि साझा की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बीमारियां हमारी बिगड़ती जीवनशैली का नतीजा हैं। उन्होंने जनता से भावुक अपील करते हुए कहा हमें बाहर के खान-पान की चमक-धमक से बचकर अपनी जड़ों की ओर लौटना होगा। योग और प्राणायाम को जीवन का हिस्सा बनाएं और धरती को रसायनों से बचाने के लिए प्राकृतिक खेती अपनाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब हमारा किसान गोबर और गौमूत्र से शुद्ध अन्न उगाएगा, तभी समाज की काया निरोगी होगी।

### मोदी-यादव सरकार का संकल्प

श्री शुक्ल ने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयुष्मान भारत योजना गरीबों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज अब हर जरूरतमंद की पहुंच में है। उन्होंने निरोगी काया अभियान का जिक्र करते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें अब घर-घर जाकर बीपी, शुगर और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की जांच कर रही हैं। साथ ही, 28 फरवरी से शुरू हुए एचपीव्ही टीकाकरण अभियान के तहत 14-15 वर्ष की बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए सुरक्षा कवच दिया जा रहा है।

### समाज की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म

इस गरिमामयी अवसर पर डालमिया ग्रुप के चेयरमैन युग डालमिया ने आदिवासी और दूरस्थ अंचल में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, शहडोल जैसे जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र में इतने बड़े स्तर पर सुपर स्पेशियलिटी विशेषज्ञों का जुटना किसी चमत्कार से कम नहीं है। यह शिविर केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि इस अंचल के पीड़ित मानवता की सेवा की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। समाज के अंतिम व्यक्ति तक उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उद्योग जगत और सामाजिक संस्थाओं का यह तालमेल एक स्वस्थ राष्ट्र की नींव रखेगा।

### विवेक तन्खा ने की जन-आंदोलन की अपील

राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा ने रोटरी क्लब के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन और समाज जब कंधे से कंधा मिलाकर चलते हैं, तभी वास्तविक राहत का जन्म होता है। उन्होंने एचपीवी टीकाकरण को एक जन-आंदोलन बनाने की अपील की, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी कैंसर जैसी बीमारियों से मुक्त रह सके। उन्होंने विशेष रूप से भोपाल के चिरायु अस्पताल और डॉ. गोयनका का आभार व्यक्त किया, जो गंभीर मरीजों को भोपाल ले जाकर नि:शुल्क उपचार की सुविधा दे रहे हैं।

### खोजें दिल के मरीज बच्चे

डिप्टी सीएम ने मंच से ही जिला प्रशासन को निर्देशित किया कि इस तीन दिवसीय शिविर में संभाग के ऐसे बच्चों की पहचान की जाए जो जन्मजात हृदय रोग या दृष्टिबाधित (ब्लाइंड) समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि चलित अस्पताल आपके द्वार आया है, इसका लाभ हर उस बच्चे को मिलना चाहिए जिसके पास इलाज के साधन नहीं हैं। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा क्षेत्र के दिग्गजों, जिनमें मुंबई के मशहूर सर्जन डॉ. विशाल कुन्दनानी, अपोलो जबलपुर, वेदांता और चिरायु अस्पताल के प्रतिनिधि शामिल थे, उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक जयसिंह मरावी, मनीषा सिंह, शरद कोल, फुंदेलाल मार्को, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभा मिश्रा, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, एसपी रामजी श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में नागरिक और रोटरी क्लब के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

**खबर संक्षेप**

### नपा उपाध्यक्ष की गाड़ी ने ली स्कूटी सवार की जान





**शहडोल ।** नेशनल हाईवे-43 शुक्रवार को खून से लाल हो गया। रसूख और तेज रफ्तार के जानलेवा कॉम्बिनेशन ने एक हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया। अनूपपुर से शहडोल की ओर आ रही एक सफेदपोश नेता की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने स्कूटी सवार दंपत्ति को ऐसी टक्कर मारी कि देखने वालों की रूह कांप गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार सुंदर दास महारा उम्र 55 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी ऊषा बाई जिंदगी और मौत के बीच अस्पताल में जंग लड़ रही हैं। चश्मदीदों के मुताबिक, बिजुरी नगर पालिका उपाध्यक्ष की बताई जा रही इस स्कॉर्पियो के चालक पर खून सवार था। टक्कर मारने के बाद चालक ने ब्रेक मारने के बजाय रफ्तार और बढ़ा दी। बेबस स्कूटी और उस पर सवार अधेड़ करीब एक किलोमीटर तक सडक़ पर रगड़ते रहे। घर्षण इतना जबरदस्त था कि स्कूटी ने बीच सडक़ पर आग पकड़ ली। यह हादसा नहीं, बल्कि सीधे तौर पर सडक़ पर किया गया मर्डर नजर आ रहा था। बटुरा के पास हुए इस कत्लेआम के बाद स्थानीय लोगों का धैर्य जवाब दे गया। गुस्साए ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर जमकर हंगामा किया। लोगों का आरोप है कि रसूखदार गाड़ी होने के कारण मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की जा सकती है। मौके पर पहुंची अमलाई पुलिस को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। काफी देर तक चले हंगामे और अधिकारियों की समझाइश के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका।

### शिक्षक संघ ने खोला मुख्यमंत्री के खिलाफ मोर्चा

**शहडोल।** मध्यप्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को लेकर जारी नए आदेश ने प्रदेश के शैक्षणिक गलियारों में भूचाल ला दिया है। शासकीय शिक्षक संगठन जिला शहडोल ने इस आदेश को शिक्षक विरोधी करार देते हुए सीधे मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखकर आर-पार की जंग का ऐलान कर दिया है। संगठन ने दो टूक कहा है कि वर्षों से सेवा दे रहे गुरुजी अब सरकार की दोषपूर्ण नीतियों की बलि नहीं चढ़ेंगे। शिक्षक संगठन ने लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) के इस फरमान की वैधता पर ही गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

---

## बुढार थाने से वारंटी के फरार होने की चर्चा

### पुलिस अधिकारियों ने कहा... जानकारी लेकर बताएंगे

शहडोल

जिले के बुढार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नौकरी निवासी प्रकाश यादव उर्फ नान भाई को बीते दिनों पुलिस एक पंप चोरी के मामले में पूछताछ के लिए थाने लेकर आई थी। बताया जा रहा है कि पुलिस ने उसे कई घंटों तक थाने में बैठाकर पूछताछ की। इसी दौरान शाम होते-होते वह अचानक थाने से गायब हो गया। इसके बाद क्षेत्र में यह चर्चा तेज हो गई कि पुलिस की लापरवाही के कारण प्रकाश यादव थाने से फरार हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार प्रकाश यादव के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज बताए जा रहे हैं और उसके विरुद्ध वारंट जारी होने की भी चर्चा है। इन दिनों जिले में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में यदि किसी वारंटी के थाने से ही फरार होने की बात सामने आती है तो यह पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े कर सकती है।

सूत्रों के मुताबिक मामले को लेकर थाने के भीतर भी काफी हलचल रही। बताया जा रहा है कि इस घटना से थाना प्रभारी विनय सिंह नाराज भी हुए, लेकिन बुढार थाना पहले से ही कई मामलों को लेकर सुर्खियों में रहने के कारण इस घटना को सार्वजनिक होने से रोकने की कोशिश की गई। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। यह भी चर्चा है कि प्रकाश यादव से पूछताछ प्रधान आरक्षक चेतराम कौशिक द्वारा की जा रही थी, जिन पर पहले भी रिश्वत लेने के आरोप लग चुके हैं। चूंकि वह थाना प्रभारी के करीबी माने जाते हैं, इसलिए मामले को दबाने की कोशिश की गई। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।




यदि वास्तव में प्रकाश यादव को थाने लाया गया था तो, थाने में लगे सीसीटीवी कैमरों, उसके मोबाइल की लोकेशन और थाने में मौजूद लोगों के बयान से स्थिति स्पष्ट हो सकती है। इसके अलावा यदि उसके खिलाफ कोई वारंट जारी हुआ होगा तो उसकी जानकारी न्यायालय और थाना रिकॉर्ड में उपलब्ध होगी। इस संबंध में थाना प्रभारी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उन्हें इस संबंध में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है।

**इनका कहना है**

मुझे अभी इस संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। मामला संज्ञान में आने के बाद संबंधित थाने से जानकारी लेकर ही कुछ कहा जा सकेगा।

**विकास पांडे**
अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, धनपुरी

****

इस तरह की कोई आधिकारिक सूचना अभी तक मेरे पास नहीं आई है। यदि ऐसा कोई मामला है तो जांच कराकर तथ्य सामने लाए जाएंगे।

**अभिषेक दीवान**
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहडोल

******

फिलहाल मुझे इस घटना की जानकारी नहीं है। यदि थाने से किसी व्यक्ति के फरार होने की बात है तो, पूरी जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**रामजी श्रीवास्तव**
पुलिस अधीक्षक, शहडोल

---

**भन्नी एवं हिरवार माइक्रो परियोजना के कार्य जल्द करें पूर्ण**

## निर्माणाधीन विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ करें पूर्ण: उप मुख्यमंत्री

**शहडोल ।** उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे निर्माणाधीन विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागों द्वारा संचालित विकास कार्यों को समय-सीमा में प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराया जाए, ताकि आमजन को उनका लाभ मिल सके।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ला ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में प्राप्त निवेश प्रस्तावों पर भी चर्चा करते हुए एमपीआईडीसी एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर प्रस्तावित निवेशकों को शीघ्र भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिससे धरातल पर उद्योग स्थापित हो सके।

बैठक में उन्होंने शहडोल-उमरिया मार्ग के निर्माण कार्य की प्रगति, शहडोल नगरपालिका क्षेत्र में बनने वाले एनिकट, तथा हिरवार एवं भन्नी माइक्रो परियोजना के कार्यों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को इन परियोजनाओं के कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ कर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हिरवार एवं भन्नी माइक्रो परियोजना के शुरू होने से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा मिलेगी। जिससे किसानों को ग्रीष्म कालीन खेती का लाभ इसी वर्ष से मिल सके।

बैठक में विधायक जैतपुर श्री जयसिंह मरावी, विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, विधायक ब्यौहारी शरद कोल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

## चिकित्सक मरीजों को देते हैं नई जिंदगी, धरती के भगवान: उप मुख्यमंत्री

### उप मुख्यमंत्री ने फीता काटकर मेडिकल कॉलेज के ब्लड सेंटर का किया शुभारंभ





**शहडोल।** चिकित्सक धरती पर भगवान के स्वरूप होते हैं। चिकित्सक मरीजों को नया जीवन देने का कार्य करते हैं। मरीज अस्पताल में खुशियां बांटने नहीं आते, बल्कि अपनी मजबूरी और जीवन की नई उम्मीदों के साथ आते हैं। यदि स्वास्थ्य विभाग का अमला पूरी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करे तो अस्पताल आने वाले मरीजों की आधी तकलीफ अपने-आप दूर हो जाती है और उन्हें जीवन जीने का संबल भी मिलता है। उक्त विचार प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला ने आज शासकीय बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय में ब्लड सेंटर के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ला ने मेडिकल कॉलेज के ब्लड सेंटर का शुभारंभ फीता काटकर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि ब्लड सेंटर का शुभारंभ शहडोल संभाग के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इससे संभाग के मरीजों को सरलता और सहजता से रक्त उपलब्ध हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि शासकीय बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत विद्यार्थी बेहतर शिक्षा ग्रहण कर देश और समाज की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दें। विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा के साथ-साथ अपनी संवेदनशीलता और सेवा भावना का भी परिचय देना चाहिए। मरीजों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई पूरी कर चिकित्सक बनने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देकर पिछड़े क्षेत्रों के मरीजों को सेवाएं दें।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है, जिससे जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगातार नए मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश में 19 शासकीय मेडिकल कॉलेज संचालित हैं और शीघ्र ही इनकी संख्या 26 होने जा रही है। शहडोल मेडिकल कॉलेज में भी एमबीबीएस की सीटों को 100 से बढ़ाकर 200 करने तथा पीजी सीटों को 6 से बढ़ाकर 71 करने की प्रक्रिया अंतिम चरण पर हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सीएम केयर योजना के तहत मेडिकल कॉलेजों को हृदय रोग, कैंसर तथा अंग प्रत्यारोपण की सुविधा देने जा रही है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह नई क्रांति होगी। आपने मेडिकल कॉलेज में रिक्त पदों की भर्ती हेतु विज्ञापन निकालकर वाक-इन इंटरव्यू शीघ्र आयोजित कर भर्ती प्रक्रिया पूरा करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा रक्तदान करने की सराहना करते हुए कहा कि यह संवेदनशीलता पदर्शित करता है। कार्यक्रम में रक्त दाताओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में ब्लड सेंटर के शुभारंभ से जरूरतमंद लोगों को आसानी से रक्त उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में सिटी स्कैन एवं एमआरआई की सुविधा उपलब्ध कराने तथा जिला अस्पताल का विस्तार कर 300 बेड से 500 बेड की क्षमता वाला अस्पताल बनाने की बात कही।

कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. गिरीश बी. रामटेके ने बताया कि टेलीमेडिसिन सेवा के माध्यम से मार्च 2025 से फरवरी 2026 तक कुल 5587 मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि ब्लड सेंटर के ब्लड कंपोनेंट स्टोरेज रूम में 4 ब्लड बैंक रेफ्रिजरेटर तथा 2 डीप फ्रीजर की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके साथ ही उन्होंने कोर्ट वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम, एमबीबीएस सीटों, ओपीडी संचालन सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी भी दी।

इस अवसर पर विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी, विधायक ब्यौहारी शरद कोल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. गिरीश बी रामटेके, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक उपस्थित रहे।

---

## शादी का झांसा देकर आबरू लूटने वाला गिरफ्तार

**शहडोल।** रिश्तों को कलंकित करने और शादी का झूठा झांसा देकर एक महिला की अस्मत से खिलवाड़ करने वाले आरोपी को झींकबिजुरी पुलिस ने दबोच लिया है। जैतपुर थाना पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही से इलाके के लंपटों में हडक़ंप मच गया है। आरोपी ने न केवल महिला का दैहिक शोषण किया, बल्कि उसका घर उजाडऩे के बाद अब शादी से मुकर कर कहीं और अपना घर बसाने की फिराक में था।

### विश्वास की आड़ में हवस का खेल

मामला वर्ष 2019 से शुरू हुआ, जब एक शादी समारोह के दौरान पीड़िता की मुलाकात अनूपपुर जिले के दुलहीबांध निवासी धूषण प्रसाद उर्फ लल्लू केवट से हुई थी। आरोपी ने बड़ी चालाकी से महिला को अपने प्रेम जाल में फंसाया। हद तो तब हो गई जब उसने पीड़िता को उसकी ससुराल न जाने के लिए बरगलाया और शादी का पवित्र वादा कर उसे धोखे में रखा।

### घर में घुसकर किया दुष्कर्म, अब मुकरा

पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, जनवरी 2022 में आरोपी ने पीड़िता के घर में घुसकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद शादी करेंगे का रटा-रटाया जुमला बोलकर वह लगातार पीड़िता का शोषण करता रहा। धोखे की पराकाष्ठा तब सामने आई जब आरोपी ने चुपके से अपनी शादी कहीं और तय कर ली और पीड़िता को पहचानने तक से इंकार कर दिया। न्याय की उम्मीद में पीड़िता ने परिजनों के साथ पुलिस की शरण ली।

### कानून का शिकंजा: आरोपी पहुंचा जेल

जैतपुर थाना प्रभारी निरीक्षक जे.पी. शर्मा के नेतृत्व में झींकबिजुरी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी धूषण केवट (26 वर्ष) को धर दबोचा और 11 मार्च 2026 को माननीय न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

---

## शहडोल संभाग की बदहाली पर बरसी एबीवीपी, उपमुख्यमंत्री को घेरा

शहडोल। संभाग में शिक्षा व्यवस्था की जर्जर हालत और प्रशासनिक भ्रष्टाचार को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने आर-पार की जंग का ऐलान कर दिया है। परिषद के कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर जिले की व्यवस्थाओं में व्याप्त सडऩ को उजागर किया। जिला संयोजक अमन त्रिपाठी ने दो टूक शब्दों में कहा कि शहडोल को केवल आश्वासनों का झुनझुना थमाया जा रहा है, जबकि धरातल पर छात्र हितों का गला घोंटा जा रहा है।

### घोटालेबाज कुलपति के खास रहे अधिकारी पर निशाना

ज्ञापन में सबसे गंभीर प्रहार यूआईटी कॉलेज में हुई अवैध नियुक्तियों पर किया गया। परिषद ने आरोप लगाया कि जेल जा चुके पूर्व कुलपति डॉ. सुनील गुप्ता के कार्यकाल में नियमों को ताक पर रखकर चहेतों को उपकृत किया गया। विदिशा के डॉ. पी.एल. वर्मा की प्रतिनियुक्ति को लेकर सीधा सवाल उठाया गया है कि ब्रेक पीरियड के दौरान भी वेतन का आहरण कैसे हुआ? विद्यार्थी परिषद ने इसे करोड़ों के घोटाले की कड़ी बताते हुए उच्च स्तरीय जांच और तत्काल पदमुक्ति की मांग की है।

### रीवा की दौड़ और व्यवस्थाओं का टोटा

विद्यार्थियों ने उपमुख्यमंत्री को बताया कि अतिरिक्त संचालक कार्यालय का रीवा में होना शहडोल संभाग के छात्रों और कर्मचारियों के साथ क्रूर मजाक है। 300 किलोमीटर की दूरी तय करने में समय और धन की बर्बादी हो रही है। इसके साथ ही, व्यापमं की परीक्षाओं के लिए स्थानीय स्तर पर परीक्षा केंद्रों का न होना छात्रों की मानसिक प्रताडऩा का कारण बन रहा है।



### शोभा की वस्तु बना बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज

जिले के स्वास्थ्य और शिक्षा ढांचे पर हमला बोलते हुए परिषद ने कहा कि बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज में रक्तकोष (ब्लड बैंक) तो है, लेकिन वह क्रियाशील नहीं है। मरीजों को खून के लिए भटकना पड़ रहा है। वहीं, 10 साल से संचालित यूआईटी कॉलेज में नई शाखाओं का न खुलना और विश्वविद्यालय में शोध प्रयोगशालाओं (रिसर्च लैब) का अभाव जिले के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

### सेवानिवृत्त अधिकारियों का अमर कब्जा

परिषद ने बताया कि जिले के कई महाविद्यालयों में सेवानिवृत्त लेखपाल पिछले 8-10 वर्षों से कुर्सियों पर चिपक कर बैठे हैं। नियम विरुद्ध तरीके से जमे ये रिटायर्ड अधिकारी युवाओं के रोजगार के हक पर डाका डाल रहे हैं। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि उच्च शिक्षा मंत्री को पूर्व में दी गई सूचना पर भी कोई कार्रवाई न होना शासन की मिलीभगत की ओर इशारा करता है। उपमुख्यमंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द कड़ी कार्रवाई और दोषियों को दंडित करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौंपते समय अंजलि पांडे, अमन तिवारी, भूमिका द्विवेदी, आकाश मिश्रा, ओम सोनी सहित बड़ी संख्या में परिषद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### बीमा सुविधा के तहत परिवार को सौंपी गई एक करोड रूपये की वित्तीय सहायता

उमरिया। मध्य प्रदेश पुलिस के सैलरी पैकेज के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली बीमा सुविधा के तहत स्वर्गीय ओमप्रकाश भवेडी के परिवार को 1 करोड़ रूपये कि वित्तीय सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विजय भगवानी द्वारा स्वर्गीय ओमप्रकाश भवेडी की पत्नी श्रीमती निर्मिला भवेडी को 1 करोड़ का चेक प्रदान किया गया। यह राशि मध्य प्रदेश पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत उपलब्ध बीमा कवर के माध्यम से उनके परिवार को प्रदान की गई है। योजना के अंतर्गत सामान्य बीमा की राशि 10 लाख रु. पूर्व मे ही नॉमिनी के खाते मे जमा हो चुकी है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि यह योजना पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सहायता से स्वर्गीय कर्मचारी के परिवार को कठिन समय में आर्थिक संबल प्राप्त होगा। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक से मुख्य प्रबन्धक निशांत बाजपेयी एवं मार्केट एरिया शाखा से मनीष शुक्ला उपस्थित रहे.।

### विद्युत प्रकरणों के निराकरण में दी जाएगी छूट

उमरिया। न्यायाधीश,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया जाएगा। आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों के निराकरण मे छूट प्रदान की जाएगी। उन्होने बताया कि प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रविधि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।

### कोठी ग्राम पंचायत भवन में प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण संपन्न



कोतमा। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत कोठी में प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कान्हा जनकल्याण समिति नगाराबांध के द्वारा आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद कोतमा विकासखंड समन्वयक सरिमन साकेत, नवांकुर अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव, नवांकुर संस्था जी एस हितकारिणी गोविंदा सचिव ओमकार सिंह, परामर्शदाता प्रिंस कुमार पाण्डेय व मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में प्रस्फुटन समितियों को दस्तावेजीकरण, ग्राम विकास, जनभागीदारी, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, ऊर्जा संरक्षण, नशा मुक्ति, जैविक कृषि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। सभी सदस्यों ने समाजहित एवं ग्राम विकास के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

### प्रत्येक मंडल में होगा भाजपा कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण-हीरा सिंह श्याम

अनूपपुर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के नेतृत्व में प्रत्येक मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित करने की पूरी तैयारी कर ली गई है। जिला संयोजक सिद्धार्थ शिव सिंह ने बताया कि 14-15 मार्च को पसान (मंगल भवन, जमुना कॉलोनी) एवं कोतमा (अग्रसेन भवन) में, 15-16 मार्च को अमरकंटक में, 17-18 मार्च को जैतहरी में तथा 20-21 मार्च को बिजुरी में प्रशिक्षण का आयोजन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिला उपाध्यक्ष आनंद केसरवानी, जितेंद्र भट्ट एवं विनोद केवट को जिला सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। भाजपा संभागीय प्रभारी गौरव सिरोहिया एवं जिला प्रभारी संजय साहू का निरंतर प्रवास एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है।



# प्रशासन का दावाः घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता

### गैस उपलब्धता के संबंध में भ्रामक खबरें चलाने पर की जाएगी सख्त कार्यवाहीः एसपी

### पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस की उपलब्धता के संबंध में बैठक संपन्न

उमरिया। जिला पंचायत सभागार में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी कि उपस्थिति में गैस एजेंसी संचालकों, होटल संचालकों, रिसोर्ट संचालकों के साथ पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस की उपलब्धता के संबंध में बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर ने गैस संचालकों से कहा कि गोदाम खुलने के समय डोमेस्टिक सिलेंडर एवं कामर्सियल सिलेंडर कि जानकारी तथा बद के दौरान उपलब्ध सिलेंडरो की जानकारी खाद्य विभाग व्दारा उपलब्ध कराए गए निर्धारित प्रारूप में प्रतिदिन उपलब्ध कराया जाए। इसी तरह कामर्सियल सिलेंडर कि आपूर्ति अस्पतालों,शैक्षणिक संस्थानों में डिमांड अनुसार की जाए तथा अन्य जगहों से मांग आने पर उसकी सूचना खाद्य विभाग को दी जाए उसके पश्चात ही आगे की कार्यवाही निर्देशानुसार की जाए।

बैठक में कलेक्टर ने होटल, रिसोर्ट संचालकों को सुझाव दिया कि एलपीजी ईंधन की उपलब्धता की स्थिति सामान्य होने तक वैकल्पिक ईंधन जैस- डीजल भट्टी, इलेक्ट्रिक ओवन, इलेक्ट्रानिक इंडक्शन, तंदूर आदि का प्रयोग कर खाना बनाएं तथा वस्तुस्थिति से आगंतुकों को अवगत कराएं। ग्रामीण क्षेत्र में परंपरागत ईंधन जैसे लकड़ी, कोयला,कण्डे तथा



कृषि अपशिष्ट उपयोग करने का प्रचार-प्रसार किया जाए। जिले के सभी गैस एजेन्सी संचालको को शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देश का पालन करने तथा बुकिंग करने वाले उपभोक्ताओं को क्रमानुसार गैस सिलेण्डर डिलेवरी करने के निर्देश दिये गये।उन्होंने होटल एवं रिसोर्ट संचालकों को सोलर पैनल का भी उपयोग करने का सुझाव दिया। कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी को गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए टीम गठित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि जिले में पर्याप्त मात्रा में एलपीजी की उपलब्धता है। जिले के नागरिक सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से प्रसारित हो रही झूठी अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। उन्होने यह भी कहा है कि यदि सिलेंडर से संबंधित यदि किसी व्यक्ति व्दारा भ्रामक जानकारी सोशल अथवा प्रिंट मीडिया पर प्रसारित की जाती है तो उनके विरूध्द सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होने अपील में यह भी कहा है कि जिलेवासी निर्धारित अवधि में ही गैस रिफिल कराएं। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी ने कहा कि गैस संचालक संबंधित थाना प्रभारियों के नंबर अपने पास रखें। आवश्यकता पडने पर उन्हें सूचना दें, ताकि हर संभव मदद पुलिस व्दारा उपलब्ध कराई जा सके।उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर के संबंध में गलत जानकारी प्रसारित करने वाले के विरूध्द सख्त कार्यवाही की जाएगी। जिला आपूर्ति अधिकारी रोहित सिंह ने बताया कि जिले के सभी गैस एजेंन्सी, कम्पनी के संचालक एवं सेल्स ऑफीसर से सतत संपर्क में रहकर आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। गैस वितरकों से एलपीजी के स्टॉक, वितरण एवं वेंटिंग लिस्ट की जानकारी प्रतिदिन प्राप्त किया जाना है। उपभोक्ताओं की सुविधाओं के लिए जिला कार्यालय म कट्रोल रूम स्थाापित कर फंक्शनल किया जाना है एवं सभी गैस कम्पनी के हेल्प लाईन नंबर गैस एजेन्सी पर प्रदर्शित करवाया जाना है। गैस सिलेण्डरों की जमाखोरी एवं दुरूपयोग पर रोक लगाने के लिए जिला स्तर पर दल गठन कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। जिले में घरेलू गैस सिलेंडरो की खपत की संख्या 35 हजार तथा व्यवसायिक गैस सिलेंडरो के खपत की संख्या 25 सौ है। जिले में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के कुल 91836 कनेक्शनधारी हैं। जिले में उपलब्ध सिलेंडरो की संख्या 2 हजार तथा व्यवसायिक सिलेंडरों की संख्या 300 है। बैठक में एसडीओपी पुलिस, वनमंडलाधिकारी विवेक सिंह, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जागृति प्रजापति,गैस एजेंसी संचालक, होटल संचालक, रिसोर्ट संचालक उपस्थित रहे।

# समस्त त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की जिलेवासियों से की अपील



### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी की उपस्थिति में ईद उल फितर, रामनवमी,चौती चांद,गुड़ी पड़वा मनाने के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि 19 मार्च को चौत्र नवरात्र की बैठकी,गुडी पडवा, 27 मार्च को रामनवमी,ईद उल फितर तथा 20 मार्च को चौतीचांद का पर्व मनाया जाएगा।ईद उल फितर के दिन जिला मुख्यालय उमरिया स्थित ईदगाह में प्रातः 9रू30 बजे से नमाज अदा की जाएगी। ईदगाह पर साफ सफाई , पेयजल व्यवस्था के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को तथा पुलिस की ड्युटी लगाने के लिए एसडीओ पुलिस को निर्देशित किया गया।

इसी तरह रामनवमी का पर्व 27 मार्च को मनाया जाएगा। इस दौरान जवारा कलशों का विसर्जन ज्वालामुखी घाट किया जाना है। कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया है कि जवारा विसर्जन तक पहुंचने वाले ज्वालामुखी मंदिर घाट के रास्ते को समय पूर्व दुरूस्त कर दिया जाए , ताकि श्रध्दालुओ को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नही करना पड़े। घाटों में होमगार्ड के जवानों को तैनात किया जाए,ताकि समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े।उन्होने कहा कि शोभायात्रा के दौरान निकलने वाले जुलूस की अनुमति संबंधित एसडीएम से प्राप्त करनी होगी।त्यौहारों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए बिजली विभाग को निर्देशित किया गया। उन्होने कहा कि एसडीएम एवं एसडीओपी संयुक्त रूप से दोनों क्षेत्रों का भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लें। त्योहारो के समय कार्यपालिक मजिस्ट्रेटो की डयुटी लगाई जाए। जिला मुख्यालय स्थित खेर माता मंदिर तक जाने वाले रास्तों को दुरूस्त किया जाए। झूलते तारों को सही किया जाए। उन्होने शांति समिति के सदस्यों को अवगत कराया कि वर्तमान में सोशल मीडिया मे सिलेंडर के संबंध में फैल रही अफवाहो पर ध्यान नहीं दें। उमरिया जिले में पर्याप्त संख्या में सिलेंडरो की उपलब्धता है। उन्होने कहा कि जिलेवासी गोदाम के बाहर लाईन नही लगाए। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी ने कहा कि ईद उल फितर वाले दिन किस जगह पर कितनी लोगो की उपस्थिति होगी, उसकी विधिवत जानकारी प्रदाय किया जाए तथा समस्त त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाए। इस अवसर पर अतिक्ति पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या, संयुक्त कलेक्टर रीता डोहरिया,पूर्व विधायक अजय सिंह,आसुतोष अग्रवाल, मिथिलेश मिश्रा,राजेश शर्मा, त्रिभुवन प्रताप सिंह,राकेश प्रताप सिंह,पुष्पराज सिंह, मो0 इदरीश खान, राजेंद्र कोल, मो असलम शेर,राकेश शर्माजसवंत सिंह,सुमित गौतम,मो0 आजाद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# नगर में गैस को लेकर मचने लगी मारामारी, होटल संचालकों में देखी जा रही चिंता

कोतमा। कुछ दिनों से नगर में गैस को लेकर मारामारी मचने लगी है। इजरायल अमेरिका व ईरान के बीच तनाव का साफ आसार अब क्षेत्र में पड़ने लगा है। कमर्शियल सिलेंडर के व्यावसायिक सप्लाई पर रोक लगने से होटल संचालकों में चिंता देखी जा रही है। होटल मालिकों के अनुसार कुछ दिनो की गैस बची है जिससे काम चलाया जा रहा है। कोतमा नगर एवं आस पास 500 के लगभग होटल एवं चाय नाश्ते की दुकान है। नगर में स्थित गैस कार्यालय में सुबह से लंबी-लंबी लाइन लगाई जा रही है कार्यालय खुलते ही भीड़ बढ़ने का सिलसिला शुरू हो जाता है। बताया जा रहा है कि पिछले तीन दिनों से सर्वर डाउन होने के कारण गैस सप्लाई नहीं मिल पा रही है। गैस गोदाम एवं कार्यालय दोनों जगहो पर अच्छी खासी भीड़ पूरे दिन बनी रहती है। इंडेन गैस संचालक अकरम खान ने बताया कि गैस की किल्लत जैसी कोई बात नहीं है। गैस का स्टॉक पर्याप्त संख्या मे है और गाड़ियां भी बराबर आ रही हैं। सभी उपभोक्ता अपना ई केवाईसी जरूर करवा ले। सर्वर डाउन की कुछ समस्या है। जो हायर तकनीकी के कारण है। सर्वर ठीक होते ही गैस की बुकिंग एवं उपलब्धता चालू कर दी जाएगी। सोसल मीडिया पर गैस बंद होने या नहीं मिलना जैसी खबरों पर भरोसा ना करे। लाइन से बचने के लिया एजेंसी में संपर्क करे।



बताया जा रहा है कि घरेलू गैस सिलेंडर लेने के लिए नए नियम बनाए गए हैं जिसके अनुसार बुकिंग के लिए 25 दिन के अंतराल में ही सिलेंडर बुक हो पाएगा। बिना ई केवाईसी के गैस बुकिंग नहीं हो रही है। गैस एजेंसी में पिछले तीन दिनों से बीच बीच में सर्वर डाउन की समस्या होने के कारण उपभोक्ताओं को गैस नहीं मिल पा रहा है और ना ही उनकी बुकिंग हो पा रही है। गैस की चाह में लोग कार्यालय जाकर बैठते है और सर्वर आने का इंतजार करते हैं। गुरुवार को भी 12 बजे के लगभग सर्वर फेल होने से भीड़ लगातार बढ़ती गई और लोग आक्रोशित नजर आए। समस्या को लेकर अपर कलेक्टर दिलीप पांडे एवं कनिष्ठ खाद आपूर्ति अधिकारी को भी फोन कर बताया गया। नगर के संदेश जैन, अमित गुप्ता, निखिल आर्य, नौशाद ख़ान, सावित्री बाई सहित अन्य लोगों ने बताया कि गैस के लिए लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# नगर में जगह-जगह ट्रांसफार्मर के नीचे दुकान, पावरकॉम अंजान



कोतमा। नगर में जगह-जगह लगाए गए बिजली के ट्रांसफार्मर के नीचे लगाई जा रही खाने-पीने सहित कपड़े एवं सब्जी ठेले की दुकानें किसी भी वक्त बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं। लोगों द्वारा मोल लिए जा रहे इस खतरे के प्रति पावरकॉम जरा भी गंभीर नहीं है। गर्मी का मौसम शुरू हो गया है अगर ऐसे किसी भी ट्रांसफार्मर में स्पार्किंग हो गई तो कितना जानी-माली नुकसान होगा इसका अंदाजा लगाना मुश्किल होगा। गर्मियों में ट्रांसफार्मर पर लोड ज्यादा रहता है, इसके कारण स्पार्किंग होने की संभावना अधिक रहती है। नगर में शायद ही कोई ऐसा ट्रांसफार्मर बाकी हो जिसके नीचे दुकान न चल रही हो। खास बात तो यह है कि इसके लिए न तो मंजूरी ली जाती है और न ही किसी हादसे से निपटने के लिए कोई व्यवस्था होती है। नगर की अधिकांश मेन रोड सहित बाजार एरिया पर लगे बिजली के तार और उनके खुले डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स ज्यादा खतरनाक साबित हो सकते हैं। कई ऐसे ट्रांसफार्मर हैं, जिनकी कंडीशन काफी खराब है। फैंसिंग न होने के कारण इसकी तारें भी खुली हैं। अगर समय रहते इनको नहीं बदला गया तो ये ट्रांसफार्मर कभी भी फट सकते हैं। कई ट्रांसफार्मरों की फैंसिंग नहीं होने से ये खतरनाक बने हुए हैं। इतना ही नहीं बिजली विभाग के नियमानुसार ट्रांसफार्मरों के पास चेतावनी बोर्ड होने चाहिए। लेकिन नगर के अधिकतर ट्रांसफार्मर ऐसे हैं, जहां चेतावनी बोर्ड नहीं लगाए गए।

### नियमानुसार यह होना चाहिए

ट्रांसफार्मरों की उंचाई जमीन से कम से कम 10 फीट ऊंची होनी चाहिए। अगर चबूतरे में ट्रांसफार्मर रखा हो तो उसके आसपास घेराबंदी की जाए। भीड़भाड वाले इलाके में ट्रांसफार्मर के पास चेतावनी लिखा बोर्ड जरूर लगाना चाहिए। ट्रांसफार्मर के नीचे और सटकर दुकान, मकान, रेहड़ी फड़ी लगाने पर प्रतिबंध होना चाहिए। नगर के गांधी चौक में तो दुकानदार हद पार कर दिए हैं। ट्रांसफार्मर के नीचे सटाकर दुकान सजाई जा रही है। गर्मी का मौसम होने के कारण कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है।

### इनका कहना है

बिजली ट्रांसफार्मर के नीचे जो लोग अपनी रेहड़ी फड़ी या दुकान का सामान रखते हैं। उन्हें विभाग की ओर से कई बार समझाइश दी गई है। अगर कोई हादसा होता है तो दुकानदार और सामान लगाने वाले खुद जिम्मेदार होंगे।

**लालमणि प्रजापति, कनिष्ठ अभियंता**


# क्वार्टर विवाद में घर में घुसकर गाली-गलौज तोड़फोड़ की कोशिश, कार्रवाई नहीं



### महिला सम्मान के संदेश के बीच महिला से अभद्रता का आरोप कोयला मंत्री ने महिला कर्मचारियों की सुरक्षा व सम्मान की कही बात

बदरा/जमुना। एक ओर केंद्र सरकार और कोल इंडिया में महिला कर्मचारियों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर बड़े-बड़े संदेश दिए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अनूपपुर जिले के बिजुरी क्षेत्र में एक महिला कर्मचारी के परिवार के साथ कथित तौर पर अभद्रता और दबाव बनाने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि क्वार्टर विवाद को लेकर कुछ लोगों ने घर में घुसकर गाली-गलौज की और दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया। इस मामले में पुलिस और अधिकारियों से शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया गया है। दरअसल हाल ही में कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कोल इंडिया लिमिटेड की सभी महिला कर्मचारियों के नाम एक पत्र जारी कर उन्हें सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देने की प्रतिबद्धता दोहराई थी। पत्र में कहा गया है कि कोल इंडिया में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है और संगठन हर महिला को गरिमा, सुरक्षा और समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी बीच बिजुरी क्षेत्र में सामने आए इस विवाद ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार कोरजा कॉलरी के कर्मचारी अरुण कुमार सिंह को कंपनी द्वारा क्वार्टर क्रमांक एम-111 आवंटित किया गया था। इससे पहले यह क्वार्टर आडव्लूएस बिजुरी की महिला कर्मचारी ननकी बाई के नाम अभिरक्षा में था। कंपनी द्वारा आवंटन निरस्त कर नया आवंटन किए जाने के बाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई।

पीड़ित पक्ष के अनुसार क्वार्टर को लेकर पहले 10 हजार रुपये की मांग की गई। बताया गया कि इस संबंध में नगर पालिका की एक पार्षद के माध्यम से भी संपर्क कर राशि देने का दबाव बनाया गया, लेकिन अरुण कुमार सिंह की पत्नी प्रेरणा सिंह ने पैसे देने से इनकार कर दिया। आरोप है कि 20 फरवरी 2026 को ननकी बाई अपने कथित मुंहबोले बेटे सूरज, दामाद और बहू के साथ क्वार्टर में पहुंच गईं और घर के अंदर घुसकर प्रेरणा सिंह के साथ गाली-गलौज करने लगीं। इस दौरान आंगन के पीछे बने दरवाजे को तोड़कर निकलने का प्रयास भी किया गया। घटना के दौरान डरी-सहमी प्रेरणा सिंह ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया। पीड़िता के अनुसार उन्होंने इस मामले की जानकारी कंपनी के कार्मिक विभाग के एचआर अधिकारी बालाजी को दी। इसके बाद सुरक्षा गार्ड



को निर्देशित किया गया, लेकिन मौके पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद प्रेरणा सिंह ने उपक्षेत्रीय प्रबंधक एस.के. मित्रा को लिखित शिकायत भी सौंपी। साथ ही 21 फरवरी 2026 को बिजुरी थाने में भी शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन पीड़ित पक्ष का आरोप है कि अब तक पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब एक ओर सरकार और कोल इंडिया महिला सम्मान और सशक्तिकरण की बात कर रहे हैं और स्वयं केंद्रीय मंत्री महिला कर्मचारियों के लिए गरिमा और सुरक्षा का संदेश दे रहे हैं, ऐसे में यदि किसी महिला के साथ इस प्रकार की घटना सामने आती है और उस पर कार्रवाई नहीं होती तो यह व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। अब सभी की नजर प्रशासन और पुलिस की कार्रवाई पर टिकी है कि इस मामले में जांच कर दोषियों पर कब तक कार्रवाई की जाती है और पीड़ित महिला को न्याय कब मिलता है।

## खबर संक्षेप

### कोतमा की अमिता जैन ने गुजरात सिविल जज परीक्षा में हासिल की 6वीं रैंक



**अमलाई।** नगर के वार्ड क्रमांक 5 निवासी एवं व्यवसायी अजीत कुमार जैन की सुपुत्री अमिता जैन ने गुजरात सिविल जज परीक्षा 2025-26 में शानदार सफलता प्राप्त करते हुए 6वीं रैंक हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से कोतमा नगर सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। अमिता जैन कोतमा क्षेत्र की पहली महिला हैं जिन्होंने सिविल जज बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।
ओपीएम निवासी मनोज जैन ने बताया कि अमिता जैन की प्रारंभिक शिक्षा कोतमा एवं बिजुरी में हुई। इसके बाद उन्होंने अपनी आगे की पढ़ाई जबलपुर में पूरी की। 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में भी वे स्कूल टॉपर रहीं। इसके पश्चात उन्होंने मुरादाबाद में रहकर पांच वर्षों तक विधि (एलएलबी) की पढ़ाई की और निरंतर मेहनत व समर्पण के बल पर यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।अपनी सफलता का श्रेय अमिता जैन ने अपने माता-पिता एवं बड़ी बहन आकांक्षा जैन (चार्टर्ड अकाउंटेंट) को दिया है, जिन्होंने हर कदम पर उनका मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन किया। नगर के नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों ने अमिता जैन की इस उपलब्धि को कोतमा के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है और विश्वास व्यक्त किया है कि वे न्यायिक सेवा में रहकर न्याय और निष्पक्षता की मिसाल कायम करेंगी।

### वृत्त उमरिया अंतर्गत चंदिया में अवैध मदिरा के विरूध्द की गई कार्यवाही



**उमरिया।** अवैध शराब के विरूद्ध सतत अभियान चलाये जाने के तारतम्य में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी उमरिया सावित्री भगत के मार्गदर्शन में मदिरा के अवैध निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर नियंत्रण हेतु वृत्त उमरिया अंतर्गत चंदिया नगर परिषद में अवैध मदिरा के विरूद्ध कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान विभिन्न आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत 39 पाव देशी मदिरा प्लेन जब्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं 36 (क) के तहत कुल 3 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक दिनकर सिंह तिवारी के नेतृत्व में की गई जिस पर श्रीमति कविता सिंह, श्री राजपति प्रजापति, कु0 अंजली गौतम एवं होमगार्ड आरक्षकों का विशेष योगदान रहा।

**सहायक श्रमायुक्त (केन्द्रीय) की मौजूदगी में संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक, ठेका मजदूरों की बायोमेट्रिक उपस्थिति और वर्कऑर्डर उपलब्ध कराने का आश्वासन**

# हड़ताल की चेतावनी के बीच सोहागपुर क्षेत्र में प्रबंधन-श्रम संघ की निर्णायक बैठक, कई प्रमुख मांगों पर बनी सहमति







**धनपुरी।साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के सोहागपुर क्षेत्र में प्रस्तावित क्रमिक भूख हड़ताल, चक्का जाम, कोयला प्रेषण अवरुद्ध करने और उत्पादन बंद करने की चेतावनी के बीच शुक्रवार को प्रबंधन और श्रमिक संगठनों के बीच अहम बैठक आयोजित की गई। सहायक श्रमायुक्त (केन्द्रीय) एवं कांसिलेशन ऑफिसर की उपस्थिति में आयोजित इस संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक में श्रमिक संगठनों द्वारा उठाई गई मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति बन गई।**

बैठक की शुरुआत स्टाफ ऑफिसर (एचआर) सोहागपुर क्षेत्र द्वारा अतिथियों और संयुक्त श्रमसंघ के प्रतिनिधियों के स्वागत के साथ हुई। इसके बाद श्रमिक संगठनों द्वारा प्रस्तावित आंदोलन के संबंध में प्रबंधन और श्रमसंघों के बीच बिंदुवार चर्चा कर समाधान निकालने का प्रयास किया गया।
श्रमिक संगठनों ने मांग रखी कि रामपुर बटुरा, अमलाई ओसीएम और धनपुरी ओसीएम के कर्मचारियों का स्थानांतरण भूमिगत खदानों या अन्य क्षेत्रों में न किया जाए तथा यहां कार्यरत मशीनों को भी अन्य क्षेत्रों में न भेजा जाए। इस पर प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि अमलाई ओसीएम और धनपुरी ओसीएम में कोयले की उपलब्धता की जांच कराई जाएगी और आवश्यकता अनुसार नया पैच खोलकर विभागीय कर्मचारियों को वहीं नियोजित किया जाएगा।
वाच एंड वार्ड कर्मचारियों के स्थानांतरण के मुद्दे पर प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि जिन कर्मचारियों की सेवा अवधि तीन वर्ष से कम शेष है उन्हें आवश्यकतानुसार पदस्थापित किया जाएगा, जबकि जिन कर्मचारियों की सेवा अवधि तीन वर्ष से अधिक है उनसे आवेदन लेकर उनकी स्वेच्छा के आधार पर स्थानांतरण किया जाएगा।
विभागीय कर्मचारियों के लिए अतरिया, बिछिया अथवा रामपुर-अमलाई ओसीएम में अलग पैच चलाने की मांग पर भी चर्चा हुई। प्रबंधन ने बताया कि इस विषय पर पहले बिंदु के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में श्रमिक संगठनों ने यह भी मांग रखी कि किसी भी कर्मचारी की सेवा शर्तों में परिवर्तन श्रमसंघों की सहमति और सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना न किया जाए। इस पर भी चर्चा कर सहमति व्यक्त की गई।
इसके अलावा सोहागपुर क्षेत्र में कार्यरत ठेका कंपनियों—आरकेटीसी, जय अम्बे, जेएमएस, आर.के. अर्थ रिसोर्सेस और गेनवेल—द्वारा किए जा रहे कार्यों से संबंधित वर्कऑर्डर और एलओआई की प्रतियां श्रमिक संगठनों को उपलब्ध कराने की मांग रखी गई, जिस पर प्रबंधन ने अपनी सहमति दे दी।ठेका मजदूरों की उपस्थिति को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। श्रमिक संगठनों की मांग पर प्रबंधन ने बताया कि सोहागपुर क्षेत्र में कार्यरत सभी ठेका मजदूरों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उपक्षेत्रीय प्रबंधकों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे ताकि मजदूरों की प्रत्यक्ष उपस्थिति सुनिश्चित हो सके।बैठक में श्रमिक संगठनों की ओर से बीएमएस, इंटक, एटक, एचएमएस और सीटू के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इनमें द्वारिका प्रसाद मिश्र, ओमकार द्विवेदी, महेंद्र शुक्ला, कैलाश कुमार यादव, रावेन्द्र शुक्ला, राजेश चंद शर्मा, शिव नारायण मिश्रा, राकेश पाण्डेय, नीरज चतुर्वेदी, विनोद राय और धीरेन्द्र पाण्डेय प्रमुख रूप से उपस्थित थे। अंत में संयुक्त सलाहकार समिति द्वारा बैठक में लिए गए निर्णयों पर सहमति व्यक्त की गई और धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त कर दी गई। बैठक में लिए गए निर्णयों के बाद फिलहाल प्रस्तावित आंदोलन को लेकर स्थिति शांतिपूर्ण होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट द्वारा महिला जनप्रतिनिधियों तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, सिलाई, हस्तशिल्प, पोषण के क्षेत्र में अव्वल मातृशक्ति को किया सम्मानित



**बुढार।** रिलायंस फाउंडेशन रिसोर्स सेंटर लालपुर में रिलायंस सीबीएम-सीएसआर प्रोजेक्ट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शुक्रवार को भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, और सामाजिक सरोकार तथा विभिन्न गतिविधियों एवं पंचायतों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी पर उनके स्तुत्य योगदान की सराहना करते हुये कार्यक्रम के मध्य प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, वहीं महिलाओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनोहारी प्रस्तुति दी गईं, जिसकी उपस्थित जनों नें सराहना की।
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम गोहपारू अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुश्री काजोल सिंह के मुख्यातिथ तथा सीबीएम लेडीज क्लब अध्यक्ष श्रीमती दीपाली वर्मा की अध्यक्षता एवं कृषिविज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक श्रीमती अल्पना शर्मा, जनपद सदस्य लीला बाई (देवरी), माया द्विवेदी (कंचनपुर), यशोदा सिंह (नौगई) तथा ग्राम पंचायत लालपुर की सरपंच रामकली बैगा के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया।
कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथ अध्यक्ष व विशिष्ट अतिथियों नें वीणा वादिनी माँ सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व माल्यार्पण कर किया गया, इसके उपरांत अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।
कार्यक्रम के प्रारंभ मे रिलायंस सीएसआर हेड राजीव श्रीवास्तव ने मुख्यातिथ व अतिथियों का स्वागत करते हुये कहाकि - रिलायंस सीएसआर प्रोजेक्ट के माध्यम से महिलाओं के विकास एवं सशक्तिकरण तथा स्वावलंबन की दिशा में विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की हैं जिसका सार्थक परिणाम आया है, जो निश्चित ही मातृशक्ति के लिये उपलब्धि पूर्ण है। सीएसआर हेड राजीव श्रीवास्तव नें बताया कि - प्रोजेक्ट ग्रामों की महिलाएँ सिलाई, हस्तशिल्प, डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता जैसे प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी आजीविका को मजबूत बना रही हैं, और रिलायंस इस तरह के आयोजन कर महिलाओं को भरपूर प्रोत्साहित कर उनमें जागरूकता बढ़ा रही है।
इस अवसर पर साइट हेड राजेश वर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को शुभकामना देते हुए कहाकि - रिलायंस सीएसआर के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रयास किया जा रहा हैं और उन्हें भरपूर प्रोत्साहित करनें प्रयास जारी रहेगा।
इस अवसर पर - मुख्यातिथि एस.डी.एम. सुश्री काजोल सिंह ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहाकि - महिलाओं का सशक्तिकरण समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है, जब महिलायें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनती हैं तो परिवार और समाज दोनों का विकास सुनिश्चित होता है। उन्होंने रिलायंस सीएसआर द्वारा महिलाओं के विकास के लिए किए जा रहे सार्थक प्रयासों की सराहना की।
कार्यक्रम की अध्यक्ष सीबीएम लेडीज क्लब अध्यक्ष श्रीमती दीपाली वर्मा ने कहाकि - समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।
विशिष्ट अतिथि कृषि वैज्ञानिक श्रीमती अल्पना शर्मा ने महिलाओं को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त की जा रही विभिन्न कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी जानकारी देते हुये योजनाओं का लाभ लेने आगे आनें के लिए प्रेरित किया।
अंतराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम अवसर पर 19 ग्रामों की महिला सरपंच एवं 3 जनपद सदस्यों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। जिनमें सम्मानित सरपंचों में - श्रीमती कामनी सिंह (जरवाही),गेंदा बाई बैगा (पकरिया), रजनी बैगा (सेमरा), सुद्धी बैगा (छाता), रामकली बैगा (लालपुर), रजनी कोल (बिरूहली), आशा सिंह (खमरौध), अनीता पाव (खरला), उर्मिला पाव (बैरिहा), भानमती सिंह (चंगेरा), रंजू बैगा (देवरी नं.1), राजकुमारी सिंह (घोर्वे), सरोज सिंह (लफदा), केशवती बैगा (धनगवां), मीरा बाई बैगा (धुरवार), गीता बैगा (नवलपुर), सरूपिया बैगा (पोंगरी) तथा पिंकी बाई गोड़ (श्यामडीह खुर्द) मुख्यरूप से सम्मिलित रहीं, वहीं जनपद सदस्यों में - यशोदा सिंह (नौगई), श्रीमती लीला सिंह (देवरी नं.1), माया द्विवेदी (कंचनपुर) को भी गरिमामय भव्य कार्यक्रम के मध्य सम्मानित किया गया।
सम्मान की श्रृखला में - सीएसआर के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं कौशल विकास के क्षेत्र में कार्य कर रहे फील्ड कैडर्स को भी सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सीएसआर प्रोजेक्ट के सहयोग से संचालित 11 सिलाई केंद्रों का संचालन करने वाली महिलाओं को प्रमाण-पत्र एवं ब्रांडिंग बैनर प्रदान कर उनके अतुलनीय कार्य के प्रति उन्हें शुभकामना दी गईं।
सिलाई प्रशिक्षण से लाभान्वित महिलाओं में - संतोषी सिंह (बिरुहुली), ललिता सिंह (चंगेरा), मीना सिंह (साबो), सुष्मिता यादव (पांड़खेर), मालती कुशवाहा (लालपुर), प्रीति द्विवेदी (लालपुर), शशि ढीमर, उषा केवट (छाता) तथा प्रमिला सिंह (पिपरतरा) रहीं, जो सिलाई कार्य के माध्यम से अपनी आजीविका सुदृढ़ कर रही हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम में कौशल सखी - दुर्गा बर्मन एवं सीतू यादव, की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पोषण सखी में - शिप्रा सिंह, सीमा बरगाही रहीं जिन्हे कार्यक्रम के मध्य सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अपूर्वा टोप्पो एवं डॉ. समीम खान द्वारा किया गया, और कार्यक्रम के सफल आयोजन में सीएसआर टीम के वीरेंद्र प्रजापति, कुंवरबली सिंह, अभिलाष, अजय, राजकुमार, अश्वनी तथा सुजीत, धर्मदत्त, रवि, दिलीप, संग्राम एवं प्रदीप का सहयोग रहा।

## अमरकंटक से प्रयागराज एक्सप्रेस-वे बनाए जाने केन्द्रीय मंत्री भूतल परिवहन मंत्री गडकरी व शहडोल व रीवा सीधी सांसद को राजनीतिक दलों के लोगों ने ज्ञापन सौंपा



**ब्योहारी।** मध्यप्रदेश के अमरकंटक धर्मस्थली से नर्मदा नदी, सोन नदी, जुहिला का उदगम स्थल और प्रयागराज संगम के लिए अमरकंटक से प्रयागराज एक्सप्रेस-वे जाने के लिए ब्योहारी से राजनीति दलों के लोगों के द्वारा मांग पत्र केन्द्रीय मंत्री भूतल परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी व शहडोल सांसद, रीवा सांसद, साथ ही सीधी सांसद के नाम ब्योहारी से राजनीति दलों के द्वारा अमरकंटक से प्रयागराज एक्सप्रेस वाया अनुपपुर , शहडोल ब्योहारी मऊगंज जिला होते हुए अमरकंटक से प्रयागराज एक्सप्रेस-वे बनाए जाने के लिए एक ज्ञापन सौंपा गया है* क्रमशः 1 - यह कि यहां का क्षेत्र अति पिछड़ा है अगर अमरकंटक से प्रयागराज एक्सप्रेस-वे बन जाता है तो लोगों अमरकंटक से मऊगंज जिला के अन्तर्गत आने वाले लोगों प्रयागराज पहुंचने के लिए सुविधा होगी। 2 - यह कि अमरकंटक से प्रयागराज एक्सप्रेस-वे बन जाने शहडोल संभाग सहित सीधी जिला का बहुत से गांव आदिवासी बहुल इलाकों अमरकंटक से प्रयागराज एक्सप्रेस बन जाने आवागमन सीधे सुविधा होगी। 3 - अमरकंटक से प्रयागराज एक्सप्रेस-वे बन जाने से कई राज्यों जैसे उड़ीसा छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश के आने वाले शहरों व गांवों में निवास करने वाले लोगों को प्रयागराज एक्सप्रेस बन जाने से फायदा होगा । 4 - यह कि अमरकंटक से प्रयागराज एक्सप्रेस-वे बन जाने से ( प्रयागराज ) में माघ मेला व समय - समय कुम्भ मेला व (अमरकंटक) में महाशिवरात्रि पर्व पर मेला लगता लोगों अपने पर्व अमरकंटक से उदगम नर्मदा नदी, सोन नदी व जुहिला नदी साथ ही प्रयागराज में संगम स्नान का लाभ उठा सकते हैं 5 - जब कि अमरकंटक से प्रयागराज एक्सप्रेस-वे बन जाने से अति पिछडें व आदिवासी बहुल क्षेत्रों में उद्योग लगाने कि सुविधा उपलब्ध कराई जा सकती है। 6 - यह है कि अमरकंटक से प्रयागराज एक्सप्रेस-वे बन जाने से शहडोल संभाग रीवा संभाग में बने पर्यटन स्थल पहुंचने के सुविधा होगी जैसा शहडोल जिला के ब्योहारी क्षेत्र में बाणसागर परियोजना डैम व उमारिया जिला के वांधवगढ राष्ट्रीय उद्यान व सीधी जिला में संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान लोगों को पहुंचने के सुगम व सुविधा रास्ता हो जाएगा। 7- यह है कि अमरकंटक से प्रयागराज एक्सप्रेस-वे बन गए से आदिवासी बहुल क्षेत्रों के लोगों में बाहर आने जाने कि सुविधा उपलब्ध होगी साथ ही बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा। 8 - कहा जाता है कि अमरकंटक से प्रयागराज एक्सप्रेस-वे बन जाने छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश साथ उड़ीसा सहित कई राज्यों से गांवों में बसें आदिवासीयों कि कई जातियां व अन्य समाज के लोग भारत बर्ष बड़े महानगरों तक एक्सप्रेस-वे बन जाने से पहुंचने के लिए अपने अपने क्षेत्रों से आने जाने के लिए सुविधा होगी। 9 - जब कि अमरकंटक से प्रयागराज एक्सप्रेस-वे बन गए से अनूपपुर जिला शहडोल जिला सीधी जिला व मऊगंज जिला कुछ गांव रीवा जिले लोग के बाकी जिलों अधिकांश हिस्सों शहर व ग्रामीण क्षेत्रों लोगों को आवागमन के लिए सुविधा होगी। 10- यह है कि अमरकंटक से प्रयागराज एक्सप्रेस-वे बन जाने से आदिवासी बहुल इलाकों में औद्योगिक लगाया जा सकता है जिससे ग्रामीण इलाकों बहुत से पिछड़े वर्ग व आदिवासी के लोगों का निवासस्थान है जो कि एक्सप्रेस-वे बन जाने से शहरी क्षेत्रों से जुड़े जाएगा तो उन ग्रामीणों क्षेत्रों का बिकास होगा साथ ही पिछड़ापन दूर होगा। *केन्द्रीय मंत्री भूतल परिवहन विभाग से अपेक्षा है कि अमरकंटक से प्रयागराज एक्सप्रेस-वे बन जाने से ग्रामीण इलाकों के लोगों व आदिवासी बहुल इलाकों का बिकास होगा साथ महानगरों अपने अपने जिला मुख्यालय से काम करना सरल व सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

## स्वच्छता अभियान की धज्जियां: बकहो नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 3 में गंदगी का अंबार

**एक साल से सीएमओ से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं, कार्यशैली पर उठ रहे सवाल**



**अमलाई।** नगर परिषद बकहो के वार्ड क्रमांक 3 में स्वच्छता व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। वार्ड में नालियां सेप्टिक टैंक गंदगी से भरी पड़ी हैं और आसपास कचरे का अंबार लगा हुआ है, सेप्टिक टैंक का पानी बाहर सड़क पर बह रहा है। जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गंदे पानी और कचरे के कारण इलाके में बदबू फैल रही है तथा मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, जिससे बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस समस्या को लेकर वे पिछले एक वर्ष से नगर परिषद के सीएमओ से लगातार शिकायत कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का आरोप है कि नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहे हैं और वार्ड की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे। वहीं इस मामले में वार्ड पार्षद की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि वार्ड पार्षद को भी इस समस्या की पूरी जानकारी है, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने कभी इस ओर ध्यान नहीं दिया और न ही सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए कोई ठोस पहल की।एक ओर सरकार स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ-सफाई को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर बकहो नगर परिषद में इस अभियान का खुलकर मजाक उड़ता नजर आ रहा है। वार्ड क्रमांक 3 की यह स्थिति नगर परिषद की कार्यप्रणाली और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही को साफ दर्शाती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी दफ्तर के वातानुकूलित रूम में बैठकर नगर की व्यवस्था संभाल रहे है यदि ऐसा ही रहा तो जल्द ही बकहो कि तस्वीर खस्ताहाल हो सकती।

## अनुभवी शिक्षकों पर टी ई टीअनिवार्यता गलत -सूरेंन्द्र पटेल

**ब्यौहारी।**मध्य प्रदेश सरकार द्वारा हाल के समय में विभिन्न कार्यरत शिक्षकों के लिए टी ई टी(शिक्षक पात्रता परीक्षा) पास करना अनिवार्य करने के आदेश जारी कर रही हैं। शिक्षक संघ की पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र पटेल ने इसको गलत बताया है उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था मूलतः शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की व्याख्या पर आधारित है। यद्यपि इसका उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना बताया जाता है, परंतु लाखों शिक्षकों के हितों और संवैधानिक सिद्धांतों के संदर्भ में यह विषय गंभीर पुनर्विचार की मांग करता है। भारत का संविधान यह सिद्धांत स्थापित करता है कि किसी व्यक्ति को उसी समय लागू नियमों के आधार पर प्रभावित किया जाना चाहिए जो घटना या नियुक्ति के समय लागू थे। अनुच्छेद 20(1) भूतलक्षी प्रभाव से दंड देने को निषिद्ध करता है। यद्यपि टी ई टी का विषय आपराधिक दंड से संबंधित नहीं है, फिर भी इस सिद्धांत की भावना यह बताती है कि बाद में बनाए गए नियमों को पूर्व प्रभाव से लागू करके किसी की स्थापित स्थिति को बदलना न्यायसंगत नहीं माना जाता।अधिकांश शिक्षकों के नियुक्ति आदेश में अधिवार्षिकी आयु का स्पष्ट उल्लेख था, जो यह संकेत देता था कि सामान्य परिस्थितियों में उन्हें निर्धारित सेवानिवृत्ति आयु तक सेवा में बने रहने का आश्वासन है। यदि अब बीच सेवा में एक परीक्षा को आधार बनाकर उनकी नौकरी अस्थिर की जाती है, तो यह प्रश्न उठता है कि उस सरकारी आश्वासन की विश्वसनीयता क्या रह जाएगी।स्वयं न्यायालय ने भी इस विषय में आंशिक सहानुभूति दिखाते हुए जिन शिक्षकों की पाँच वर्ष या उससे कम सेवा शेष है, उन्हें राहत दी है। यह निर्णय इस बात का संकेत देता है कि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों के संदर्भ में मानवीय और व्यावहारिक दृष्टिकोण आवश्यक है।चूँकि न्यायालय के निर्णय प्रायः मौजूदा कानूनों की व्याख्या पर आधारित होते हैं, इसलिए इस विषय का स्थायी समाधान विधायी संशोधन के माध्यम से संभव है। यदि पूरे देश के लाखों शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं, तो सरकार संसद के माध्यम से शिक्षा का अधिकार अधिनियम में यह स्पष्ट प्रावधान जोड़ सकती है कि अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टी ई टी अनिवार्य नहीं होगा। ऐसा संशोधन शिक्षा की गुणवत्ता और न्याय—दोनों के बीच संतुलन स्थापित कर सकता है, जिससे नई नियुक्तियों में मानक भी सुनिश्चित हों और वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के अधिकार तथा सम्मान भी सुरक्षित रह सकें।

## ग्राम विकास में युवाओं की अहम भूमिका

**ब्यौहारी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मध्य प्रदेश शासन के तत्वाधान में प्रस्फुटन समितियो के क्षमता संवर्धन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण के कार्यक्रम में आज दिनांक 11 मार्च 2026 को विकासखंड व्यवहारी के सेक्टर क्रमांक 4 तिखवा में प्रस्फुटन समितियां के प्रशिक्षण का कार्यक्रम ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किया गया कार्यक्रम के अध्यक्षता ग्राम के सरपंच लोकेश सिंह एवं मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक शिवदत्त उरमलिया एवं अध्यक्षता सुदामा प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम में सेक्टर के अंतर्गत आने वाली पांच प्रस्फुटन समितियां के चार-चार पदाधिकारी तथा पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका का निर्वहन करने वाली प्रत्येक गांव से 2 -2 नवांकुर सखी उपस्थिति रही कुल मिलाकर 30 व्यक्तियों का प्रशिक्षण सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होकर सायं 4:00 बजे तक चला प्रशिक्षण में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की अवधारणा समग्र ग्राम विकास एवं आदर्श ग्राम की परिकल्पना स्वैच्छिक संगठनों का गठन एवं प्रबंधन तथा प्रस्फुटन समितियां का दस्तावेजी कारण ऐसे चार विषयों पर प्रशिक्षण देने का कार्य विकासखंड समन्वयक के साथ ही परामर्शदाता रामेश्वर पाल एवं हीरालाल के द्वारा किया गया संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन तिखवा की नवांकुर संस्था अयोध्या जन विकास समिति के द्वारा किया गया सामाजिक समरसता भोज के उपरांत प्रमाण पत्र वितरण तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन नवांकुर संस्था के अध्यक्ष सुदामा प्रसाद गुप्ता के द्वारा किया गया।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में डीएलआरसी एवं डी एल सी सी की बैठक संपन्न

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति बैठक संपन्न हुई । बैठक में आगामी वित्तवर्ष 2026-27 हेतु वार्षिक साख योजना का भी विमोचन एवं अनुमोदन किया गया। बैठक में जिले की जमा-अग्रिम के मूलभूत आकड़ों, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में ऋण उपलब्धि, साख-जमा अनुपात, कृषि ऋण एवं अन्य केंद्र/राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के ऋण आवेदनों की प्रगति की पर चर्चा एवं उपलब्धि की समीक्षा की गई।
कलेक्टर धरणेंद्र कुमार जैन की अध्यक्षता में एसीपी का विमोचन किया गया, साथ ही जिले का सीडी रेश्यो 40 प्रतिशत से नीचे होने के कारण,मुख्य रूप से एसबीआई,सीबीआई, यूनियन बैंक,मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक और आईसीआईसीआई बैंकों को अधिक वित्त पोषण के निर्देश दिए गए, ताकि जिले का सीडी रेश्यो बढ़े। सभी बैंकों को भी संबोधित किया गया कि सभी मिलकर जिले के सीडी रेश्यो को बढ़ाने में मदद करें।पीएम सूर्या घर मुफ्त बिजली योजना और प्रधानमंत्री कुसुम बी योजना कि कम प्रगति पर



कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की।तथा मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, रीवा के अधिकारी व्दारा बैठक से अनुपस्थित रहने पर सख्त कार्यवाही करने की बात कही गई। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना का अधिक से अधिक प्रचार करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए, साथ ही जो क्लेम आ रहे हैं, उनका क्लेम सेटलमेंट बैंक से जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिए गए। आरआरसी फाइल की कार्यवाही करने के निर्देश समस्त बैंकर्स को दिए गए। उन्होने कहा कि संबंधित तहसीलदारों से समन्वय बनाकर वसूली की कार्यवाही करें। किसी प्रकार से कोई दिक्कत हो, तो एलडीएम से संपर्क करें । कलेक्टर ने प्रकरणों को अकारण रिटर्न करने, स्वीकृति प्रकरणों पर वितरण की कार्यवाही नही करने पर समस्त बैकर्स को पूरी गंभीरता के साथ कार्य करनें के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री कृषि धन योजना के तहत कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के निर्देश दिए गए, जिसमें बैंकों को सहयोग करने के निर्देश दिए गए। बढ़ते हुए फ्रॉड को ध्यान में रखते हुए, वित्तीय साक्षरता पर एक विशेष अभियान आयोजित करने की बात हुई, ताकि जनता को अधिक जागरूक किया जा सके।

**भारत आदिवासी पार्टी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

# बिल वसूली के दबाव में सैकड़ों गांवों की बिजली बंद

**अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा कथित रूप से मनमाने ढंग से कई गांवों की बिजली आपूर्ति बंद किए जाने का मामला सामने आया है। इस मुद्दे को लेकर भारत आदिवासी पार्टी के जिला अध्यक्ष ललन सिंह परस्ते के नेतृत्व में अनुविभागीय दंडाधिकारी पुष्पराजगढ़ को आवेदन सौंपकर कार्यवाही की मांग की गई है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि मार्च माह में बिल वसूली का लक्ष्य पूरा न होने के कारण विभाग ग्रामीणों को परेशान कर रहा है।**







**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर** पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में सैकड़ों गांवों की बिजली आपूर्ति बंद किए जाने को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। भारत आदिवासी पार्टी के जिला अध्यक्ष ललन सिंह परस्ते ने अनुविभागीय दंडाधिकारी पुष्पराजगढ़ को आवेदन सौंपकर बताया कि विद्युत वितरण केंद्र राजेंद्रग्राम द्वारा मार्च माह में निर्धारित बिजली बिल वसूली लक्ष्य पूरा नहीं हो पाने के कारण विभाग द्वारा कई गांवों की बिजली आपूर्ति एक साथ बंद कर दी गई है। आवेदन में कहा गया है कि यह कार्यवाही पूरी तरह नियम विरुद्ध और अनुचित है, क्योंकि बड़ी संख्या में ऐसे उपभोक्ता भी प्रभावित हो रहे हैं जिन्होंने समय पर अपना बिजली बिल जमा किया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के कई ट्रांसफार्मरों की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है, जिससे सैकड़ों गांव अंधेरे में डूब गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस निर्णय के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और दैनिक जीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया है। विशेष रूप से परीक्षा के इस दौर में बिजली बंद रहने से छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत आदिवासी पार्टी ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर बिजली आपूर्ति बहाल कराने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की है।

### बिल वसूली लक्ष्य पूरा न होने का आरोप

भारत आदिवासी पार्टी के जिला अध्यक्ष ललन सिंह परस्ते ने आवेदन में आरोप लगाया है कि विद्युत वितरण केंद्र राजेंद्रग्राम द्वारा मार्च माह में निर्धारित बिल वसूली लक्ष्य को पूरा करने में असफल रहने के कारण उपभोक्ताओं पर मनमाने तरीके से दबाव बनाया जा रहा है। विभाग ने कई गांवों की बिजली एक साथ बंद कर दी, जिससे ग्रामीणों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी का कहना है कि बिल वसूली के नाम पर सामूहिक रूप से बिजली काटना नियमों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि कई उपभोक्ता ऐसे हैं जिन्होंने समय पर बिल जमा किया है, फिर भी उन्हें भी बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है, जो विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

### सैकड़ों गांवों की आपूर्ति प्रभावित

आवेदन में बताया गया है कि क्षेत्र के कई ट्रांसफार्मरों की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है, जिसके कारण पुष्पराजगढ़ क्षेत्र के सैकड़ों गांव प्रभावित हो गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बंद होने से घरेलू कार्यों के साथ-साथ कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों को पीने के पानी, मोबाइल चार्जिंग और अन्य जरूरी सुविधाओं के लिए भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना पूर्व सूचना के बिजली बंद कर देना बेहद गलत है और इससे आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। पार्टी ने प्रशासन से इस पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

### परीक्षा के समय छात्रों पर पड़ा असर

ग्रामीणों ने बताया कि इस समय स्कूल और कॉलेजों की परीक्षाएं चल रही हैं, ऐसे में बिजली बंद होने से छात्रों की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा है। कई गांवों में शाम के समय अंधेरा होने के कारण छात्र पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनकी तैयारी प्रभावित हो रही है। अभिभावकों का कहना है कि यदि जल्द बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो विद्यार्थियों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। भारत आदिवासी पार्टी ने प्रशासन से मांग की है कि जिन गांवों की बिजली आपूर्ति बंद की गई है, उसे तत्काल बहाल किया जाए और भविष्य में ऐसी मनमानी कार्रवाई पर रोक लगाई जाए।

### जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली कटौती की समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। गांवों के लोगों का कहना है कि विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी शिकायतों पर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे समस्या लगातार बनी हुई है। कई जगहों पर ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग भी उठाई, लेकिन विभाग की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। भारत आदिवासी पार्टी ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए और जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल कर ग्रामीणों को राहत दी जाए।



यह आग कब बुझेगी

## माई की बगिया के जंगल में 12 घंटे से धधक रही आग, पर्यावरण व रहवासियों में बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक

मध्य प्रदेश का प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक के प्रसिद्ध प्राकृतिक एवं धार्मिक स्थल माई की बगिया तथा सोनमूड़ा क्षेत्र के जंगलों में विगत शाम से लगी आग लगभग 12 घंटे बीत जाने के बाद भी नहीं बुझाई जा सकी है, जिससे क्षेत्र के रहवासियों और पर्यावरण प्रेमियों में गहरी चिंता व्याप्त हो गई है। जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम से जंगल में आग धधक रही है और शुक्रवार 13 मार्च को सुबह लगभग 10 बजे तक आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका। आग की ऊंची-ऊंची लपटें और घना धुआं दूर तक फैल रहा है, जिससे क्षेत्र का वातावरण प्रभावित हो रहा है तथा आसपास के निवासियों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आग की तीव्रता बढ़ी और तेज हवा चली तो इसका खतरा आसपास बने कच्चे आवासों तक पहुंच सकता है, जिससे घरों में रखा घरेलू सामान जलकर नष्ट होने की आशंका बनी हुई है। इसी कारण रहवासी लगातार चिंतित नजर आ रहे हैं। वार्ड क्रमांक 14 माई की बगिया रोड निवासी जागरूक नागरिक एवं पत्रकार राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में वन विभाग एवं स्थानीय प्रशासन को दूरभाष के माध्यम से सूचना दी है। उनके अनुसार उन्होंने अपने स्तर पर भी आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। नगर परिषद अमरकंटक की अग्निशमन सेवा को भी सूचना दी गई, जिसके बाद आग बुझाने का प्रयास प्रारंभ किया गया। किंतु अग्निशमन संयंत्र की पाइपलाइन छोटी होने के कारण आग तक पर्याप्त दूरी तक पानी नहीं पहुंच पाया, जिससे आग पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्च माह के प्रथम सप्ताह से ही जंगलों में लगातार आग लगाए जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे अमरकंटक का हरा-भरा पर्यावरण प्रभावित हो रहा है। आग कैसे लगी, किन तत्वों द्वारा लगाई गई यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। क्षेत्र के नागरिकों ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि घटना की गंभीरता से जांच कर दोषी तत्वों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि अमरकंटक के प्राकृतिक पर्यावरण एवं वन संपदा को नुकसान पहुंचाने की ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

## रूसी महिला पर्यटकों को खूब भा रही अमरकंटक की फिज़ा

**जैन मंदिर में पंगत में बैठकर प्रसाद किया ग्रहण, कहा-"इंडिया-रूस भाई-भाई"**





हरिभूमि न्यूज अमरकंटक

मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक की हरी-भरी वादियां, शांत वातावरण और सुहावना मौसम इन दिनों विदेशी पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहा है। दूर रूस से आई पांच महिला पर्यटक भी अमरकंटक की प्राकृतिक सुंदरता, आध्यात्मिक वातावरण और यहां की आत्मीय संस्कृति से बेहद प्रभावित नजर आईं। रूस के मास्को के आसपास के क्षेत्र से आई इन पर्यटकों अकसाना, इलियाना, आना, हेलियाना और एलियाना ने बताया कि अमरकंटक का शांत, ठंडक भरा और हरियाली से आच्छादित वातावरण उन्हें बहुत पसंद आया। हजारों किलोमीटर दूर से भारत भ्रमण पर आई इन पर्यटकों ने कहा कि मध्य प्रदेश और अमरकंटक के लोग बहुत मिलनसार और सहयोगी हैं, जिससे उन्हें यहां किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही। इन पर्यटकों ने बताया कि उन्होंने मां नर्मदा के उद्गम स्थल के बारे में पहले से सुना था, इसलिए वे विशेष रूप से अमरकंटक आई हैं। यहां की आध्यात्मिकता, प्राकृतिक सौंदर्य और लोगों का अपनापन उन्हें अत्यंत आकर्षित कर रहा है। वे सभी इन दिनों मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के होलीडे होम्स में ठहरी हुई हैं और आसपास के धार्मिक व प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण कर रही हैं। गुरुवार 12 मार्च को दिगंबर जैन सर्वोदय तीर्थ क्षेत्र जैन मंदिर परिसर में आयोजित 1008 श्री आदिनाथ भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर विशाल भंडारे में भी ये सभी विदेशी पर्यटक पहुंचीं। यहां उन्होंने भारतीय परंपरा के अनुसार सभी श्रद्धालुओं के साथ जमीन पर पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। भारतीय शैली में परोसे गए भोजन को उन्होंने बड़े उत्साह से चखते हुए कहा कि भोजन बहुत स्वादिष्ट है। इस दौरान वे स्थानीय श्रद्धालुओं से मिलती-जुलती रहीं, हाथ मिलाकर अभिवादन करती रहीं और कई लोगों के साथ स्मृति स्वरूप फोटो भी खिंचवाईं। टूटी-फूटी अंग्रेजी और अपनी रूसी भाषा के माध्यम से वे लोगों से संवाद करती नजर आईं। रूसी पर्यटकों ने मुस्कुराते हुए कहा कि "इंडिया-रूस भाई-भाई" और भारत के लोग बहुत अच्छे हैं। उन्होंने कहा कि अमरकंटक की प्राकृतिक सुंदरता, आध्यात्मिक माहौल और यहां के लोगों का अपनापन उनके लिए एक यादगार अनुभव बन गया है।

## तीन हाथियों ने बदला इलाका

## जैतहरी नगर को पार कर गोबरी एवं पगना के जंगल में पहुंचकर रात भर फसलों का किया नुकसान

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।





तीन हाथियों का समूह 79 दिन तक जैतहरी एवं अनूपपुर के इलाके में विचरण करते हुए बुधवार एवं गुरुवार की मध्य रात्रि धनगवां बीट के जंगल से कई गांव को पार करते हुए गुरुवार की सुबह जैतहरी नगर के बस स्टैंड, रेलवे लाईन से होकर गोबरी एवं पगना के जंगल में पहुंचकर दिन में ठहरे हुए गुरुवार एवं शुक्रवार की रात पगना गांव के कई किसानों के खेतों में लगी फसलों को अपना आहार बनाते हुए शुक्रवार को फिर इसी जंगल में ठहरे हुए हैं। तीन हाथियों का समूह वन परिक्षेत्र, थाना एवं तहसील जैतहरी के धनगवां बीट के जंगल एवं अनूपपुर वन परिक्षेत्र, थाना एवं तहसील के कई गांव में निरंतर 79 दिनों तक विचरण कर रात होने पर ग्रामीणों के घरों एवं खेतों में लगी विभिन्न तरह की फसलो को अपना आहार बनाया जो बुधवार की साम धनगवां बीट के जंगल जो ग्राम पंचायत क्योटार के कुसुमहाई गांव से लगा हुआ है से निकलकर कुसुमहाई, पटौराटोला, टकहुली, लहरपुर में कई किसानों के फसलों को खाते हुए एक ग्रामीण के घर तोड़फोड़ कर गुरुवार की सुबह जैतहरी नगर में पहुंचकर मुख्य मार्ग, बस स्टैंड से बंजारी टोला से रेलवे लाईन पारकर तिपान नदी से गोबरी बीट के जंगल में पहुंचकर दिनभर विश्राम करने बाद गुरुवार की शाम होते ही शक्तिकुन्डी जंगल जो अनूपपुर थाना एवं वन परिक्षेत्र के दुधमनिया बीट अंतर्गत ग्राम पंचायत पगना के बरटोला में निकल कर पूरी रात विचरण करते हुए किसानों के खेतों में लगे गेहूं, चना एवं मटर की फसलो को आहार बनाकर पेट भरने पर शुक्रवार की सुबह दूसरे दिन पगना एवं गोबरी के बीच स्थित जंगल में ठहरे हुए हैं 81 दिनों से हाथियों के विचरण के कारण ग्रामीण जन परेशान है वही जिले के जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन एवं वन विभाग के द्वारा हाथियों को जिले से बाहर किए जाने का किसी भी तरह का प्रयास अब तक नहीं किए जाने से ग्रामीणों में नाराजगी है वहीं ग्रामीणो के हाथियों द्वारा किए गए घर,खेतों में लगी फसलों के नुकसान का राहत प्रकरण नहीं बनने अब तक भुगतान नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी दिख रही है कई तरह की समस्याओं के कारण ग्रामीण जन अपना गुस्सा हाथियों के विचरण पर निगरानी रखने एवं ग्रामीणों की सुरक्षा में लगे वन विभाग के गश्ती दल के अधिकारियों/कर्मचारियों को सुनना पड़ रहा है।

## भाजपा अनूपपुर जिला कोर कमेटी की बैठक संपन्न, विकास पर मंथन



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में 12 मार्च को सर्किट हाउस अनूपपुर में भाजपा अनूपपुर जिले की कोर कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने की। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा शहडोल संभागीय प्रभारी गौरव सिरोठिया, मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री व अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार, भाजपा जिला प्रभारी संजय साहू तथा पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास पुरी उपस्थित रहे। कोर कमेटी ने जिले की प्रशासनिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। अनूपपुर को प्रगति पथ पर आगे बढ़ाने के रणनीतियों पर चर्चा हुई। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने दी।

## रेलवे मजदूर कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल नें वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता वासू गुप्ता का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर

। साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के प्रतिनिधि मंडल बिलासपुर मंडल के नव पदस्थ वरीष्ठ मंडल विधृत अभियंता (आर एस एण्ड) बिलासपुर वासू गुप्ता के बिलासपुर मंडल के पदाभार ग्रहण करने बिलासपुर पहुंचने पर मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मंडल प्रेमरुम के सामने अनोपचारिक मुलाकात कर स्वागत किया गया। रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री, मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव व अतिरिक्त संयुक्त महामंत्री डीडी महेश ने वासु गुप्ता का स्वागत कर नवीन दायित्व ग्रहण करने की शुभकामनाएं देते हुए एकल मान्यता प्राप्त संगठन मजदूर कांग्रेस ने आशा व्यक्त की बिलासपुर रेल मंडल में विधृत विभाग में रेल कालोनी में आधुनिक विकृतिकरण व आवासों में सही मीटर रीडिंग, विधृत समाग्री सप्लाई की कमी दूर करने व अन्य विकास के कार्यों में तेजी आएगी। वासु गुप्ता पूर्व में लंबे समय तक शहडोल व बिलासपुर में महत्वपूर्ण पदों में रेल अधिकारी के रूप में कार्य चुके है रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर उनकी सफल कार्याकाल की कामना करती है।

**प्रथम जिला न्यायाधीश कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.)**

Presiding Officer : श्री गंगा चरण दुबे
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (RCS 42/2025)

अशोक कुमार गौतम Vs
प्राधिकृत अधिकारी सेंटल बैंक

Process Id- 2026
पेशी दिनांक :- 6/04/2026

यह कि प्रार्थी अशोक कुमार गौतम ने आपके विरूद्ध व्यवहारवाद के लिए वाद संस्थित किया है, वादी, प्राधिकृत अधिकार सेन्ट्रल आफ इंडिया क्षैत्रीय कार्यालय 601 नेपियर टाउन जबलपुर म.प्र. एवं अमर केशरवानी पिता स्व. रामचरण केशरवानी एवं अनिता केशरवानी पति अमर केशरवानी दोनो निवासी हाल पुलिस लाइन शहडोल जिला शहडोल म.प्र. के निवासी है, जिसके संबंध में घोषणा चाही गई है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 11-03-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

गंगाचरण दुबे
सील प्रथम जिला न्यायाधीश, कोतमा
जिला अनूपपुर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें:- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।